दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार, 15 मई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 226

# ज्ञानवापी मस्जिद : संगीनों के साए में पहले दिन का सर्वे हुआ पूरा

**वाराणसी (आरएनएस)।** ज्ञानवापी मामले में श्रंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों की वस्तुस्थिति जानने के लिए शनिवार को फिर सर्वे शुरू हुआ। यह सर्वे यह रविवार को भी जारी रहेगा। एडवोकेट कमिश्नर की मौजूदगी में सर्वेक्षण के दौरान पूरी टीम ने एक-एक चीज का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा थी और संगीनों (बंदूकों) के साए में पहले दिन का सर्वे पूरा हुआ। इस बार कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र के साथ विशेष कोर्ट कमिश्नर विशाल सिंह और सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह भी रहे। वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर का सच सामने लाने के लिए अदालत के आदेश पर सभी पक्षों की मौजूदगी में फिर से सर्वे की कार्यवाही शुरू हुई। शनिवार को पहले दिन का सर्वे समाप्त हो गया। एडवोकेट कमिश्नर की मौजूदगी में सर्वेक्षण के दौरान पूरी टीम ने एक-एक चीज का बारीकी से निरीक्षण किया। एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्र और वादी-प्रतिवादी पक्ष के 50 से ज्यादा लोग परिसर के अंदर गए थे। पूरे परिसर की वीडियोग्राफी के लिए विशेष कैमरा और लाइट की व्यवस्था की गई थी। ज्ञानवापी परिसर के आसपास जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था रही। डीजीपी और मुख्य सचिव पूरे मामले की मॉनिटरिंग की। ज्ञानवापी सर्वे को लेकर वाराणसी कमिश्नरेट में अलर्ट जारी रहा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। मंदिर के आसपास की सभी दुकानें बंद रहीं। मैदागिन और गोदौलिया की ओर से ज्ञानवापी जाने वाले रास्ते को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। बाबा के भक्तों को गेट नंबर एक से मंदिर में प्रवेश मिला। काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र छावनी में तब्दील रहा।



ज्ञानवापी परिसर से बाहर आने के बाद कोर्ट कमिश्नर और अन्य अधिवक्ताओं ने मीडिया के सामने कुछ भी नहीं बोला। न्यायालय का आदेश है इसलिए सर्वे से संबंधित कोई भी जानकारी मीडिया के सामने देने से सर्वे की टीम ने मना किया। पुलिस ने सभी को वाहनों में बैठाकर काशी विश्वनाथ धाम से रवाना किया।

जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश पर शनिवार सुबह आठ बजे से 12 बजे तक ज्ञानवापी मस्जिद परिसर और उसके आसपास कोर्ट कमिशन की कार्रवाई हुई। इस दौरान वादी-प्रतिवादी पक्ष, उनके अधिवक्ता और मंदिर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों ने अदालत के आदेश का पालन किया। शांतिपूर्वक तरीके से सर्वे का कार्य पूरा हुआ। सभी पक्षकार संतुष्ट हैं। लगातार चार घंटे सर्वे के उपरांत लगभग 50 फीसदी से अधिक सर्वेक्षण का कार्य हो चुका है। वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया, सर्वे कार्य शांतिपूर्ण तरीके से चला। किसी भी पक्ष ने कोई अवरोध उत्पन्न नहीं किया। सब कुछ सामान्य है। हम (पुलिस आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट) सर्वे कार्य की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता रईस अहमद ने कहा कि कमीशन की कार्रवाई सौहार्दपूर्ण वातावरण में आंशिक रुप से (लगभग 50 प्रतिशत) संपन्न हुई है। शेष कार्यवाही कल पूरी की जाएगी। सभी का पूरा सहयोग मिला। वादी पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी व सुभाष नंदन चतुर्वेदी का कहना है कि सभी पक्षों का भरपूर सहयोग मिला। किसी पक्ष ने कोई अवरोध उत्पन्न नहीं किया। कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा से लेकर मौके पर लाइट, सफाईकर्मियों आदि की उचित व्यवस्था की गई थी। ज्ञात हो कि अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए नए सिरे से सर्वे का आदेश दिया है। 17 मई को अदालत में इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। शनिवार से शुरू होने वाली सर्वे की कार्यवाही 16 मई तक हर दिन सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईएमडी की भविष्यवाणी, तमिलनाडु में 17 मई तक हो सकती है बारिश

**चेन्नई (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 17 मई तक तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका व्यक्त की है। शनिवार को जारी पूवार्नुमान के अनुसार, तमिलनाडु के सलेम, धर्मपुरी, तिरुचि, पेरम्बल्लूर, नमक्कल और तंजावुर में बादल गरज के साथ बरस सकते हैं। आने वाले दिनों में तिरुवरुर, नागापट्टिनम, कल्लाकुरिची, मायलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम, तिरुपत्तूर और वेल्लोर क्षेत्रों में मध्यम से भारी बारिश की आशंका है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वेलंकन्नी में शुक्रवार को सबसे अधिक बारिश हुई, उसके बाद तलवाड़ी और यरकौड में अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने मौसम विभाग की रिपोर्ट के बाद सभी जिला कलेक्टरों, रेपिड रिस्पांस फोर्स, आपातकालीन विभागों, पुलिस, राजस्व और स्वास्थ्य अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दे दिया है।

### महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**शिवपुरी (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के भौती थाना क्षेत्र के ग्राम महोबा रतनपुर में एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ गांव के पास स्थित एक कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कल रात पारिवारिक विवाद के चलते भौती इलाके के ग्राम महोबा रतनपुर में स्थित एक कुएं में संध्या कुशवाहा (31) अपने दो बच्चों नीतू (8) और प्रवेश (5) के साथ कुंए में कूद गई, जिससे उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि महिला का पति पवन कुशवाह नशे का आदी था। पति एंव पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। संभवत: इसी के चलते संध्या अपने दोनों बच्चों को लेकर घर से अचानक बाहर चली गई। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी, तो उसके परिजनों ने उसे तलाशा। ग्रामीणों की सहायता से पास के कुएं में कांटा डालकर देखा गया, तो एक बच्चे का शव ऊपर आया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकलवाया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने भारतीय नाव 'अल किरमानी' को लिया कब्जे में, चालक दल के आठ सदस्यों को भी पकड़ा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की एक मछली पकडऩे वाली नाव 'अल किरमानी' को पाकिस्तान में पकड़ लिया गया है। इसे बीती देर रात पाकिस्तानी समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अपनी समुद्री सीमा के पास 8 चालक दल के सदस्यों के साथ पकड़ा है। इसके साथ ही पाकिस्तानी एजेंसियों द्वारा भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी की खबरों का पता लगाया जा रहा है। इस बात की जानकारी सरकारी सूत्र ने दी है। कुछ दिन पहले ही सीमा सुरक्षा बल यानि बीएसएफ ने गुजरात के भुज में एक पाकिस्तान नाव जब्त कर लिया था। बीएसएफ ने बताया कि 4 मई को सुबह 11.15 बजे बीएसएफ भुज गश्ती दल ने हरामी नाला में बीपी नंबर 1158 के पास पाकिस्तानी नाव की गतिविधियां देखीं जिसमें 3-4 पाकिस्तानी मछुआरे बैठे थे।

### भारतीय सीमा लांघ रहा था पाकिस्तानी ड्रोन, बीएसएफ जवानों ने खदेड़ा

**जम्मू (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को आर.एस. पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के भारतीय हिस्से में एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। ड्रोन को सीमा पार करते देख जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके चलते पाकिस्तानी ड्रोन को उल्टे पांव वापस जाना पड़ा। बीएसएफ के सूत्रों ने कहा, सैनिकों ने आरएस पुरा के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास आज सुबह करीब 4.45 बजे एक ड्रोन देखा। उन्होंने आगे कहा, सीमा लांघने के बाद ड्रोन पर सात से आठ राउंड गोलियां चलाई गईं। जिसके बाद ड्रोन पाकिस्तान की तरफ वापस चला गया। बीएसएफ अपनी मुस्तैदी के चलते सीमा पार आतंकवादियों और उनके आकाओं के मंसूबों को नाकाम कर रही हैं। 7 मई को भी पाकिस्तान की ओर से भारत की ओर आ रहे एक ड्रोन पर बीएसएफ ने फायरिंग की थी। इस ड्रोन को भी वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## बांग्लादेशी नागरिक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने की बड़ी कार्यवाई, बंगाल में 9 ठिकानों पर की छापेमारी

**कोलकाता (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पड़ोसी बांग्लादेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला रैकेट के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में कम से कम 9 ठिकानों पर छापेमारी की हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, छापेमारी और तलाशी अभियान बांग्लादेश स्थित एनआरबी ग्लोबल बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक प्रशांत कुमार हलदर और उत्तर 24 परगना के अशोकनगर निवासी सुकुमार मृधा द्वारा धन के बड़े गबन से संबंधित हैं। बताया जा रहा है कि इन्होंने अवैध रुप से कमाए पैसों का इस्तेमाल महंगी प्रॉपर्टीज को खरीदने में किया है।




पता चला कि सुकुमार मृधा पश्चिम बंगाल में हलदर के एजेंट के तौर पर काम करता था। प्रशांत कुमार हलदर का अशोकनगर के नबापल्ली इलाके में एक घर मौजूद है।

ईडी ने कहा कि हमें शक है कि मृधा और हलदर के पास अन्य शहरों में भी कई संपत्तियां हैं। हम पश्चिम बंगाल में इन दोनों के रिश्तेदारों से पूछताछ कर रहे हैं। ईडी ने इस सिलसिले में मृधा के दामाद संजीब हवलदार से भी पूछताछ की, जो अशोकनगर का रहना वाला है।

दामाद ने बताया कि उसके ससुर दो साल पहले अशोकनगर आए थे। उन्हें धन शोधन और हवाला घोटालों में अपने ससुर की संलिप्तता के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। ईडी ने शुक्रवार को एक स्थानीय व्यक्ति स्वपन मित्रा को हिरासत में लिया है। ईडी को शक है कि यह मृधा का प्रमुख सहयोगी है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने स्वपन मित्रा से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

## सांसद नवनीत राणा ने उद्धव ठाकरे को सत्ता से बाहर करने को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में किया हनुमान चालीसा पाठ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के अमरावती से लोकसभा सांसद नवनीत राणा ने दिल्ली आकर अपने पति और महाराष्ट्र के विधायक रवि राणा एवं समर्थकों के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र पर शिवसेना के रूप में मंडरा रहे सबसे बड़े खतरे को टालने के लिए प्रार्थना की है।

हाथ में हनुमान चालीसा लेकर और केसरिया साड़ी पहने नवनीत राणा अपने पति तथा सैकड़ों समर्थकों के साथ नॉर्थ एवेन्यू स्थित अपने आवास से कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर तक पैदल गईं। नवनीत ने मंदिर के बाहर पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र पर मंडरा रहा सबसे बड़ा खतरा हैं। मैं महाराष्ट्र को इस खतरे से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करने के लिए आई हूं। राणा दंपति ने मंदिर में आरती भी की। वे ऐसे दिन मंदिर गए जब ठाकरे का मुंबई में एक बड़ी रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है।



इस बीच, नवनीत राणा ने शिवसेना पर महाराष्ट्र में सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस और राकांपा से हाथ मिलाकर हिंदुत्व को त्याग देने का आरोप लगाया।

गौरतलब है कि राणा दंपति ने पिछले महीने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। शिव सैनिकों के प्रदर्शन के बाद इसी सिलसिले में मुंबई पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ राजद्रोह तथा अन्य आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज कर 23 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, बाद में मुंबई की एक विशेष अदालत ने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति एवं विधायक रवि राणा को चार मई को जमानत दे दी थी।

अदालत ने कहा था कि जमानत पर रिहा होने के बाद आवेदक इस तरह के किसी अपराध को अंजाम ना दे और मामले से संबंधित किसी भी विषय पर मीडिया से बात ना करें।

पुलिस ने राणा दंपति की जमानत याचिका का विरोध करते हुए अदालत में कहा था कि राणा दंपति की योजना सरकार के खिलाफ एक बड़ी साजिश की थी। पुलिस ने दावा किया था कि राज्य में विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और उद्धव ठाकरे के राजनीतिक विरोधी यह साबित करना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री हिंदुओं के खिलाफ हैं।

## मुंडका अग्निकांड मामला : 24 महिलाओं सहित 29 लोग लापता, तलाश में जुटे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के मुंडका में एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की घटना के बाद व्याकुल परिजन अपने प्रियजनों की तलाश में बीती रात से कभी अस्पताल तो कभी थाने और कभी घटनास्थल के चक्कर काट रहे हैं। इस घटना में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी टीमों को अंदर कुछ लोगों के अवशेष मिले हैं। इससे माना जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढक़र 30 तक पहुंच सकती है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है।

इस हादसे के बाद पुलिस को अब तक 29 लोगों की मिसिंग कम्प्लेंट मिली है, जिनमें 24 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। मृतकों की शिनाख्त के लिए पुलिस ने उनकी डीएनए जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। दिल्ली स्थित एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। संजीव गुप्ता की अगुवाई में फॉरेंसिक टीम मौके की फॉरेंसिक जांच करेगी।



अपने प्रियजनों की तलाश में जुटे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्हें कहीं से कोई खबर नहीं मिल रही है। वह पुलिस और प्रशासन से अपनों को जल्द से जल्द खोजने की गुहार लगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार की ओर से मुंडका अग्निकांड के मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही सरकार ने मुंडका में हुए इस भीषण अग्निकांड की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा।

**आग की लपटों में घिरी महिला ने बहुमंजिला इमारत से लगाई छलांग-** दिल्ली के मुंडका में बहुमंजिला इमारत के अंदर फंसे कई लोगों को एसी की खिडक़ी से बाहर निकाला गया, जबकि कुछ लोग हताशा में वहां से कूद गये और घायल हो गये। एक बचाव अभियान के वीडियो के अनुसार, लोगों को रस्सियों और एक ट्रक के ऊपर रखी गई एक फायर फाइटर सीढ़ी की मदद से खिडक़ी से बाहर निकलते देखा जा सकता है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने पर कुछ लोग खुद को बचाने के लिए इमारत से कूद गए और घायल हो गए। इसके बाद उन्हें तुरंत संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया।

## रिकॉर्ड महंगाई के बीच केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, गेहूं के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्र सरकार ने बीती देर रात एक अधिसूचना जारी कर इस बात की जानकारी दी। सरकार द्वारा स्थानीय कीमतों को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकार ने कहा है कि पहले जारी किए जा चुके लेटर ऑफ क्रेडिट के लिए गेहूं के शिपमेंट की अनुमति रहेगी।

फरवरी के अंत में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से काला सागर क्षेत्र से निर्यात गिरने के बाद वैश्विक खरीदार गेहूं की आपूर्ति के लिए भारत पहुंच रहे थे।

इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 15 अप्रैलको एक ट्वीट में कहा था कि भारतीय किसान दुनिया के पेट भर रहे हैं। मिस्र ने भारत से गेहूं के इम्पोर्ट को मंजूरी दी है। दुनिया में बढ़ती मांग को देखते हुए वित्त वर्ष 2022-23 में गेहूं का निर्यात 100 लाख (10 मिलियन) टन पार कर जाएगा। अब देश में हालात बदल गए हैं। एमएसपी से अधिक कीमत में गेहूं की खरीद और पैदावार में कमी के कारण सरकारी खरीद प्रभावित हुई है। सरकार ने अब गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। आपको बता दें कि इन दिनों बाजार में गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक कीमत पर बिक रहा है।

## जबलपुर हवाई अड्डे को स्थानीय कला और संस्कृति को प्रतिबिंबित करता और बढ़ी हुई क्षमता के साथ नया टर्मिनल भवन मिलेगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पर्यटन के आशाजनक विकल्पों के रूप में बढ़ते शहर जबलपुर के हवाई अड्डे पर यात्री यातायात में बढ़ोतरी देखी जा रही है। क्षेत्र के हवाई यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए जबलपुर हवाई अड्डे को अब अपग्रेड किया जा रहा है। हवाई अड्डे पर किए जा रहे उन्नयन कार्य में एबी-320 प्रकार के विमानों के संचालन को पूरा करने के लिए नए टर्मिनल भवन,एटीसी टॉवर,तकनीकी ब्लॉक,फायर स्टेशन श्रेणी ड्कद्ढद्ढ,अन्य भवनों का निर्माण और रनवे और इसस संबंधित कार्यों का विस्तार शामिल है। मध्य प्रदेश सरकार ने 2015 में एएआई को विकास कार्यों के लिए 483 एकड़ भूमि सौंपी थी जिसे मिलाकर कुल भूमि 774 एकड़ भूमि हो गई।



विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से लैस इस नए टर्मिनल भवन में व्यस्त समय के दौरान 500 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। 1,15,315 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले इस टर्मिनल भवन में तीन एयरोब्रिज,उन्नत बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम,लैंडस्केप क्षेत्र में आधुनिक फूड कोर्ट और 300 से अधिक कारों और बसों के लिए सुनियोजित कार पार्किंग होगी। प्रस्तावित टर्मिनल भवन यात्रियों का स्वागत जीवंत गोंड पेंटिंग,स्थानीय हस्तशिल्प,भित्ति चित्र और मध्य प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की झलक के साथ करेगा।

नया भवन पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ सामग्री से बनाया जाएगा और सौर संयंत्र एवं ऊर्जा कुशल उपकरणों से यह लैस होगा। इस हवाई अड्डे के उन्नयन परियोजना में एक कुशल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली,बागवानी उद्देश्यों के लिए उपचारित पानी का पुन: उपयोग की व्यवस्था और स्थायी शहरी जल निकासी प्रणाली के साथ वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसी कुछ अन्य हरित विशेषताएं शामिल हैं।

नए टर्मिनल भवन के निर्माण के अलावा,412 करोड़रुपये कीपरियोजना लागत वाले उन्नयन कार्य में हवाई अड्डे को एयरबस 320 प्रकार के विमानों के संचालन के उपयुक्त बनाने के लिए रनवे का विस्तार,28 मीटर ऊंचे नए एटीसी टॉवर का निर्माण और सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ तकनीकी ब्लॉक (जी+3), फायर स्टेशन (श्रेणी-ड्कद्ढद्ढ) और अन्य सहायक भवन जैसे उपयोगिता ब्लॉक,गेट हाउस आदि शामिल हैं।

परियोजना के पूरा होने की संभावित तारीख दिसंबर 2022 है और नए टर्मिनल भवन के मार्च 2023 तक चालू होने की संभावना है।

जबलपुर का यह हवाई अड्डा कान्हा नेशनल पार्क,बांधवगढ़ नेशनल पार्क,भेड़ाघाट के पास संगमरमर की चट्टानों और झरनों जैसे पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र का प्रवेश द्वार है जो पूर्वी मध्य प्रदेश महाकौशल क्षेत्र के लिए खास तौर पर महत्वपूर्णहै। नया उन्नत जबलपुर हवाई अड्डा जबलपुर शहर के विकास और क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।